### एक नजर में

## लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती लोकमाता अहिल्यादेवी मंडल ने मनाई



**बुरहानपुर।** मंडल द्वारा लोकमाता अहिल्यादेवी होलकर की 301 जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई कार्यक्रम की शुरुआत अहिल्यादेवी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर की गई। मंडल अध्यक्ष अमोल भगत ने अहिल्यादेवी होलकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें न्यायप्रिय, धर्मनिष्ठ और जनसेवा के प्रति समर्पित शासक बताया उन्होंने कहा कि अहिल्यादेवी ने अपने शासनकाल में समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया और देशभर में मंदिरों, घाटों एवं धर्मशालाओं का निर्माण करवाया। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री भरत मराठे,देवा नन्नौरे,कमलेश दलाल,मनोज देवकर,विजय राठौर,चेतन शाह,अजय राठौर,उदेश ज्ञानी,मनोज भाई कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया अंत में उपस्थित जनों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया।

## श्री बहुचरा माता सेवा समिति ने की निरंतर जल सेवा, राहगीरों ने की मुक्त कंठ से सराहना



**बुरहानपुर।** सामाजिक एवं धार्मिक सेवा कार्यों में अग्रणी श्री बहुचरा माता सेवा समिति,राजपुरा ;बुरहानपुरद्ध द्वारा प्रत्येक रविवार को लालबाग रेलवे स्टेशन पर राहगीरों, यात्रियों एवं जरूरतमंदों के लिए शीतल पेयजल वितरण की सेवा निरंतर संचालित की जा रही है। भीषण गर्मी के बीच समिति का यह सेवा कार्य यात्रियों के लिए राहत का केंद्र बना हुआ है। समिति के सदस्य स्टेशन परिसर में उपस्थित होकर यात्रियों को ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराते हैं। सेवा का यह क्रम पिछले दो माह से निरंतर जारी है और समाज में मानव सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। जल सेवा का लाभ लेने वाले यात्रियों ने समिति के इस प्रयास की भूरि.भूरि प्रशंसा की। जयपुर निवासी श्री राजेश शर्मा ने कहा आज के समय में निस्वार्थ भाव से सेवा करना बहुत बड़ी बात है। यात्रा के दौरान ठंडा पानी मिलना अत्यंत सुखद अनुभव रहा। समिति के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। इसी भावना के साथ भविष्य में भी विभिन्न जनहितकारी एवं सामाजिक सेवा गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जाता रहेगा। अंत में समिति ने सभी सदस्यों, सहयोगियों एवं दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए जनसेवा के इस अभियान में निरंतर सहयोग की अपेक्षा की।

## किला ग्रुप परिवार के सदस्यों को चारधाम यात्रा के लिए बुरहानपुर रेलवे स्टेशन पर दी भावपूर्ण विदाई



**बुरहानपुर।** किला ग्रुप के विजय बन्नातवाला, कुसुम बन्नातवाला,विजय आफरे, ज्योति आफरे, प्रदीप मेहता, मंदा मेहता, नरेंद्र लोढ़ा, आभा लोढ़ा, हेमेंद्र गोविंदजी वाला, अर्चना गोविंद जी वाला, अशेष श्राफ , सिमता श्रॉफ मोहनलाल रावतोले,गीता रावतोले,अशोक मेहराज,पुरनीमा मेहराज जयश्री मेहराज, रत्नमाला, भुमिका श्राफविजया श्राफ आदि पवित्र केदारनाथ, बद्रीनाथ एवं चारधाम यात्रा के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर किला गुरुफके सदस्यों ने बुरहानपुर रेलवे स्टेशन पहुंचकर यात्रियों को मंगलमय एवं सफल यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए हर्ष उल्लास से विदाई दी। विदाई समारोह में उपस्थित सदस्यों ने यात्रियों का पुष्पमालाओं एवं शुभकामनाओं के साथ स्वागत किया तथा भगवान भोलेनाथ एवं भगवान बद्रीविशाल से सभी यात्रियों की सुखदए सुरक्षित एवं सफल यात्रा की प्रार्थना की। किला ग्रुप के प्रतिनिधि हरीश मोरे ने कहा कि चारधाम यात्रा भारतीय संस्कृति एवं आस्था का महत्वपूर्ण प्रतीक है। इस पावन यात्रा पर जा रहे सभी श्रद्धालु आध्यात्मिक ऊर्जा एवं सकारात्मक अनुभव प्राप्त कर समाज एवं परिवार के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगे। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने यात्रियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुरक्षित आवागमन एवं सफल दर्शन की कामना की। यात्रियों ने भी किला गुरुफपरिवार द्वारा दिए गए स्नेह एवं शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ललीत लाड़, गजेन्द्र अग्रवाल,संजय शहाने, राहुल लोढ़ा,अतुल लाड, वैभव लौढा, लीलाधर भावसार,आशय मेहता, सुर्यकांत मेहता ।

## संजय चित्ते की सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**बुरहानपुर।** केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के अधीन संचालित नैदानिक चिकित्सा अनुसंधान इकाईए बुरहानपुर में दिनांक 30 मई 2026 को दोपहर 2रू00 बजे संजय कुमार चित्ते , प्रयोगशाला सहायक, के सम्मान में भावपूर्ण सेवा निवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इकाई की प्रभारी अनुसंधान अधिकारी डॉ.यासमीन फातिमा द्वारा की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन हितेश सोनी ने किया। इस अवसर पर इकाई के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह में मुख्य अतिथियों के रूप में संतोषसिंह दीक्षित,कर्मचारी यूनियन नेता श्री बनवारीलाल मेटकर तथा समाजसेवी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के उप प्रांताध्यक्ष अताउल्लाह साहब ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में कार्यालय स्टाफके रूप में डॉण् इमरान जावेद, डॉ.इमरान खान,हितेश सोनी,सिराज अहमदए श्री अमन नगर एवं श्री गणेश आमोद उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में श्री संजय कुमार चित्ते के लगभग 35 वर्षों के समर्पितए अनुकरणीय एवं उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके कर्तव्यनिष्ठ, सरल एवं सहयोगी व्यक्तित्व को स्मरण किया। सभी ने उनके स्वस्थए सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं।

# प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं का होता है सर्वांगीण विकास : डॉ. महेंद्र सिंह

### 12 विषयों पर हुआ गहन प्रशिक्षण, अनुभवी वक्ताओं ने किया मार्गदर्शन

### बुरहानपुर जिला प्रशिक्षण वर्ग बना आदर्श एवं प्रेरणादायी,समापन सत्र में शामिल हुए प्रदेश प्रभारी डॉ.महेंद्र सिंह






**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय बुरहानपुर जिला प्रशिक्षण वर्ग का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र में भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ.महेंद्र सिंह शामिल हुए और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है तथा एक प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की विचारधारा और सेवा कार्यों को प्रभावी रूप से समाज तक पहुंचा सकता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात प्रदेश प्रभारी डॉ.महेंद्र सिंह ने केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों तथा बुरहानपुर जिले में हुए विकास कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उसकी सराहना की।

अपने उद्बोधन में डॉ.महेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि संगठन की पूरी यात्रा का मूल उद्देश्य भारत को परम वैभव तक पहुंचाना रहा है। उन्होंने विकसित भारत 2047 के संकल्प, आत्मनिर्भर भारत, सुशासन, गरीब कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा तथा सामाजिक समरसता के विषयों पर प्रकाश डाला और कार्यकर्ताओं से राष्ट्र निर्माण के इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान.2026 के अंतर्गत बुरहानपुर में आयोजित दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग को लेकर सम्पुर्ण जानकारी अपने उदबोधन में मंचासीन अतिथियों के समक्ष रखी।

**12 विषयों पर हुआ गहन प्रशिक्षण, अनुभवी वक्ताओं ने किया मार्गदर्शन**

दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में कुल 12 सत्रों का आयोजन किया गया, जिनमें संगठन, विचारधारा, कार्यपद्धति, बूथ प्रबंधन, सोशल मीडिया, कार्यकर्ता विकास,सरकार की उपलब्धियों सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

प्रमुख वक्ताओं में डॉ.निशांत खेर ने विचार परिवार विषय पर मार्गदर्शन दिया, जिसकी अध्यक्षता पूर्व विधायक रामदास शिवहरे ने की। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता,पूर्व मंत्री एवं विधायक अर्चना चिटनिस ने देश के समक्ष चुनौतियां रू राजनीतिक एवं सामाजिक परिदृश्य विषय पर अपने विचार रखेए जिसकी अध्यक्षता शांताराम चौधरी ;बंभाड़ा ने की।

बाबूसिंह रघुवंशी ने कार्यकर्ता विकास,संभाल एवं अपेक्षाएं विषय पर मार्गदर्शन दिया, जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप श्रॉफ ने की। गौरव सिरोठिया ने कार्य विस्तार विषय पर उद्बोधन दिया, जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गौराबाई दरबार ने की।

संभागीय संगठन प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने कार्यपद्धति विषय पर विस्तृत मार्गदर्शन दियाए जिसकी अध्यक्षता मीसाबंदी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण शेंडे ने की। अंशुल तिवारी ने बूथ प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण दिया, जिसकी अध्यक्षता भाजपा नेता प्रदीप जाधव ने की।

विवेक भटोरे ने व्यवहारिक जीवन एवं संगठनात्मक आचरण विषय पर अपने विचार रखेए जिसकी अध्यक्षता किसान नेता अरुण पाटील ने की। विजय दुबे ने वैचारिक अनुष्ठान विषय पर उद्बोधन दिया, जिसकी अध्यक्षता डॉ.गोपालसिंह चौहान ने की।

राजेंद्रसिंह ने भाजपा का इतिहास एवं विकास विषय पर विस्तार से जानकारी दीए जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता इंदरसिंह चावला ने की। सुयश त्यागी ने सोशल मीडिया एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ,एआई के प्रभावी उपयोग पर प्रशिक्षण दिया,जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता हुकमचंद अग्रवाल ने की।

राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियां एवं जनकल्याणकारी योजनाएं विषय पर मार्गदर्शन दिया,जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता विठ्ठल नारायण चौधरी ने की। सभी वक्ताओं ने विषयानुसार सारगर्भित एवं प्रेरक उद्बोधन देकर कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया।

**मन की बात का 134वां एपिसोड भी सुना गया:**–प्रशिक्षण वर्ग के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम ष्मन की बातष् के 134वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण भी किया गया। संगठन पदाधिकारियोंए जनप्रतिनिधियों एवं प्रशिक्षणार्थियों ने एक साथ कार्यक्रम को देखा और सुना। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा समाज,राष्ट्र निर्माण, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी से जुड़े विभिन्न विषयों पर रखे गए विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया गया।

**प्लास्टिक मुक्त रहा प्रशिक्षण वर्ग, केले के पत्तों पर परोसा गया भोजन**

प्रशिक्षण वर्ग की विशेषता केवल वैचारिक सत्र ही नहीं रहे, बल्कि इसकी उत्कृष्ट व्यवस्थाओं ने भी सभी का ध्यान आकर्षित किया। पूरे प्रशिक्षण वर्ग को प्लास्टिक मुक्त रखा गया। पेयजल के लिए प्लास्टिक बोतलों के स्थान पर पारंपरिक मटकों की व्यवस्था की गई।

भोजन व्यवस्था में बुरहानपुर की प्रमुख कृषि उपज केले के पत्तों पर भोजन परोसा गयाए जिसकी प्रदेश एवं संभाग स्तर से आए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विशेष सराहना की। यह व्यवस्था पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली तथा स्थानीय कृषि को सम्मान देने का उत्कृष्ट उदाहरण बनी।

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक अर्चना चिटनिस ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग केवल वैचारिक विकास का माध्यम नहीं है,बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक दायित्वों को व्यवहार में उतारने का भी अवसर है। प्लास्टिक मुक्त परिसर, मटकों से पेयजल व्यवस्था और केले के पत्तों पर भोजन परोसने जैसी व्यवस्थाएं इसी सोच का परिणाम हैं।

निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, जिला प्रभारी क्षितिज भट्ट, संभागीय प्रशिक्षण प्रभारी कल्याण अग्रवाल, प्रशिक्षण सह प्रभारी ओम सोनी, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने, जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी हरीश कोटवाले, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता, पूर्व मंत्री एवं विधायक अर्चना चिटनिस, नेपानगर विधायक मंजू दादू, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, फेडरेशन अध्यक्ष जयंती नवलखे, महापौर माधुरी अतुल पटेल, जिला महामंत्री चिंतामन महाजन, ईश्वर चौहान, संजय जाधव मंचासीन थे।

उत्कृष्ट व्यवस्थाओं, प्रभावी सत्रों, पर्यावरण, अनुकूल नवाचारों और अनुशासित संचालन के कारण बुरहानपुर जिला प्रशिक्षण वर्ग एक आदर्श एवं प्रेरणादायी आयोजन के रूप में स्थापित हुआ। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार पुर्वे, सहमीडिया प्रभारी कृष्णा शाह ने दी।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में 619 खिलाड़ियों ने लिया प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार जिला बुरहानपुर में 1 मई से 31 मई 2026ए तक 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला एवं विकासखंड स्तर पर 9 स्थानों पर किया गया। शिविर में कबड्डी, वॉलीबॉल, खो.खो, फुटबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स, शतरंज, बैडमिंटन, कैरमए योगा, कराते एवं कुश्ती सहित 12 खेलों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



समस्त आयोजन नगर पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्री पाटील के मार्गदर्शन में हुए। शिविर का समापन 31 मईए दिन रविवार को नेहरू स्टेडियम बुरहानपुर में किया गया।


इस अवसर पर खिलाड़ियों को खेलों के नियम, अनुशासन एवं खेलों के महत्व की जानकारी दी गई। शिविर में शत.प्रतिशत उपस्थिति एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बालक. बालिकाओं को विभाग द्वारा प्रोत्साहन पुरस्कार एवं प्रमाण.पत्र प्रदान किए गए। वहीं विभिन्न खेल संघों के कोच एवं प्रशिक्षकों को भी प्रमाण–पत्र एवं स्पोर्ट्स टी.शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

शिविर के दौरान जिले के विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों पर कुल 619 खिलाड़ियों ने ऑनलाइन पंजीयन कर प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिनमें 448 बालक एवं 171 बालिकाएं शामिल रहीं। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को वॉलीबॉल, फुटबॉल,बैडमिंटन, क्रिकेट सहित अन्य खेल सामग्री भी वितरित की गई। साथ ही कार्यक्रम के दौरान विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा सभी को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

## नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा 31 मई रविवार को ऑल इज वेल सुपर क्लीनिक शनि मंदिर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 65 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया।

शिविर में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ दिव्येश लाड़ ;जनरल मेडिसिन रोग विशेषज्ञद्ध एवं डॉ पीयूष सूर्यवंशी, शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा संबंधित समस्याओं का परामर्श दिया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी। सभी मरीजों का निरूशुल्क जनरल



चेकअप, ब्लड प्रेशर,ब्लड शुगर, की जाँच की गई। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा निर्देशन में स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

## कृषि सामग्री के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज,**
**बु र हा न पु र।** आगामी खरीफ मौसम 2026 के दृष्टिगत कृषकों को गुणवत्तायुक्त उर्वरकए बीज एवं कीटनाशक उपलब्ध कराने तथा कृषि आदानों की गुणवत्ता एवं उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा ग्राम बोरी बुजुर्ग के कृषि आदान विक्रेता प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया। उप संचालक कृषि मनोहर सिंह देवके, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीराम पाटील एवं शाखा प्रभारी भारत सिंह वास्कले द्वारा ग्राम बोरी बुजुर्ग के 3 कृषि आदान विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों में उपलब्ध उर्वरक, बीज एवं कीटनाशकों के स्टॉक,बोर्ड ए स्टॉक रजिस्टर ,कैश मेमो तथा लाइसेंस संबंधी अभिलेखों का गहन परीक्षण किया गया। कमी पाए जाने पर 3 विक्रेताओं को कारण बताओ सूचना पत्र दिया गया।



## व्यसन मुक्त समाज के लिए गायत्री परिवार का जनजागरण अभियान

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा राष्ट्रव्यापी 5 दिवसीय व्यसन मुक्ति जनजागरण अभियान के अंतर्गत बुरहानपुर में प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अभियान का शुभारंभ गायत्री शक्तिपीठ से हुआए जिसमें बड़ी संख्या में युवाए महिलाएं एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

कार्यक्रम में विजय आचार्य एवं नारायण पाटिल ने तंबाकूए गुटखाए बीड़ीए सिगरेट एवं शराब जैसे व्यसनों से होने वाले शारीरिक, मानसिकए आर्थिक एवं पारिवारिक दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। व्यसन मुक्ति गीतों एवं प्रेरक संदेशों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को जीवनभर व्यसनमुक्त रहने का संकल्प दिलाया गया तथा संकल्प पत्र भरवाए गए।



अभियान के अंतर्गत बुरहानपुर नगर में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में व्यसनमुक्ति संबंधी नारे लगाते हुए नागरिकों को व्यसनों के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया तथा नि:शुल्क साहित्य वितरित किया गया। मेघराज महाजन एवं राजेश पटेल ने बताया कि गायत्री परिवार वर्षों से देशभर में व्यसनमुक्ति अभियान चलाकर समाज को स्वस्थ एवं संस्कारित बनाने का कार्य कर रहा है।

रविवार को दस गांवों में रैलियां निकालकर चौपालों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से व्यसनजनित बीमारियोंए पारिवारिक विघटन तथा सामाजिक हानियों को प्रभावी ढंग से समझाया गया। रात्रिकालीन कार्यक्रमों में विभिन्न स्थानों पर प्रोजेक्टर के माध्यम से व्यसन के दुष्परिणाम दर्शाने वाली शिक्षाप्रद फिल्में दिखाई गईं। फिल्मों में तंबाकू एवं अन्य नशों से होने वाले घातक रोगोंए कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों तथा उनके भयावह परिणामों को दर्शाकर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही व्यसन छोड़ने के सरल उपाय भी बताए गए।

गायत्री परिवार के संजय राठौड़ ने बताया कि अभियान के दौरान लगभग 250 नागरिकों ने व्यसनमुक्त जीवन जीने का संकल्प पत्र भरकर समाज के समक्ष एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जय चौधरी,एमेघराज महाजन, नितिन मोड़े, नारायण पाटिल, विजय आचार्य, मधुकर चौरे,अरुण महाजन, राजेश पटेल, दिनेश सुगंधी, तुकाराम पवार सहभागीता निभाई।

**एक नजर** — भाजपा प्रशिक्षण वर्ग से सीधे खेतों में पहुंचीं विधायक अर्चना चिटनिस

## आंधी–तूफान से प्रभावित किसानों से की चर्चा, अधिकारियों को दिए सर्वे के निर्देश

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** जिले में 30 एवं 31 मई की मध्यरात्रि आए तेज आंधी.तूफान और खराब मौसम ने केला उत्पादक किसानों की चिंता बढ़ा दी है। शाहपुर, धामनगांव, बंभाड़ा, बख्खारी, रायगांव, खामनी, नीमगांव, मैथा, खारी, फोफनार, मोहद सहित अनेक ग्रामों में हजारों एकड़ क्षेत्र में खड़ी केले की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। कई स्थानों पर फसल पूरी तरह जमीन पर गिर गई हैए जबकि अनेक खेतों में पौधे खड़े दिखाई देने के बावजूद अंदरूनी रूप से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।

आंधी.तूफान से फसलों को हुए व्यापक नुकसान की सूचना मिलते ही विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ;दीदी ने भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रशिक्षण वर्ग के कार्यक्रमों के बीच से समय निकालकर रविवार प्रातः प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने खेतों में पहुंचकर किसानों से सीधे संवाद कियाए उनकी समस्याएं सुनीं और नुकसान का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया।



श्रीमती चिटनिस ने शाहपुर.धामनगांव मार्ग, खामनी सहित आसपास के प्रभावित गांवों में खेतों का निरीक्षण करते हुए कहा कि किसान पूरे वर्ष अपनी मेहनत,पूंजी और उम्मीदों को फसल में लगाता है, लेकिन प्राकृतिक आपदाएं उसकी मेहनत पर अचानक संकट खड़ा कर देती हैं। ऐसे समय में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे किसानों के साथ खड़े होकर उन्हें राहत दिलाने के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

निरीक्षण के दौरान श्रीमती चिटनिस ने खेतों में गिरे केले के पौधों,क्षतिग्रस्त फसलों और किसानों की स्थिति को गंभीरता से देखते हुए राजस्व, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को तत्काल सर्वे प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नुकसान का आकलन पूरी पारदर्शिता और वास्तविकता के आधार पर होना चाहिए, ताकि कोई भी प्रभावित किसान राहत से वंचित न रहे।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि केला फसल सामान्य फसल नहीं है। तेज हवा और तूफान के कारण कई पौधों की ग्रोथ पूरी तरह रुक जाती है। अनेक पौधे बाहर से सुरक्षित दिखाई देते हैंए लेकिन उनकी उत्पादन क्षमता समाप्त हो जाती है और वे कुछ दिनों में पूरी तरह खराब हो जाते हैं। इसलिए केवल गिरे हुए पौधों की संख्या दर्ज करने के बजाय फसल को हुए वास्तविक नुकसान का प्रतिशत आधारित आंकलन किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को राहत देने के लिए शासन द्वारा निर्धारित प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन होना चाहिए। जहां 50 प्रतिशत से अधिक नुकसान हुआ है, वहां नियमानुसार क्षतिपूर्ति प्रदान करने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाई जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने प्रशासन से सर्वे कार्य शीघ्र पूर्ण कर रिपोर्ट शासन को भेजने के निर्देश दिए।

श्रीमती चिटनिस ने कलेक्टर एवं वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर राजस्व,कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की संयुक्त टीमों को प्रभावित क्षेत्रों में भेजने तथा प्रत्येक खेत का गंभीरता से निरीक्षण करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि किसानों की आजीविका और भविष्य इस फसल से जुड़ा हुआ है, इसलिए राहत वितरण में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए।

इस दौरान उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि संकट की इस घड़ी में वे उनके साथ मजबूती से खड़ी हैं। किसानों को हुए नुकसान की भरपाई और उचित मुआवजा दिलाने के लिए शासन स्तर पर लगातार प्रयास किए जाएंगे तथा आरबीसी 6ध्4 सहित उपलब्ध सभी प्रावधानों के अंतर्गत राहत दिलाना सुनिश्चित किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि किशोर पाटिल, अशोक पाटिल, अमोल पाटिल,जनपद पंचायत सदस्य दिवाकर कोली, सुनील महाजन, प्रदीप महाजन,राजेंद्र पाटिल, डिप्टी कलेक्टर एवं तहसीलदार श्रृजन श्रीवास्तव, तहसीलदार गोविंदसिंह रावत,कृषि विभाग के उपसंचालक मनोहर देवके, उद्यानिकी विभाग के वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी जेएल बर्डे,सहित जनप्रतिनिधि, किसान एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि किसानों की मेहनत और उनकी फसल हमारे क्षेत्र की समृद्धि का आधार है। प्राकृतिक आपदा से हुए इस नुकसान की भरपाई के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। पीड़ित किसानों को मुआवजा मिले, यह सुनिश्चित किया जाएगा।